आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांक 02.07.2024 समय 18.30

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा –उनकी सरकार ने सभी के लिए न्याय और किसी का तुष्टिकरण नहीं करने की नीति अपनाई।
- राज्य मंत्रिमण्डल ने कोटा में ग्रीन फील्ड ऐयरपोर्ट बनाने समेत कई महत्वपूर्ण फैसले किये।
- राजस्थान विधान सभा का दूसरा सत्र कल से –इस सत्र में राज्य सरकार की ओर से पूर्ण बजट पेश किया जाएगा।
- राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा – नई शिक्षा नीति रोजगार उपलब्ध कराने के साथ चरित्र निर्माण में भी सहायक।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने सभी के लिए न्याय और किसी का तुष्टिकरण न करने की नीति अपनाई है। उन्होंने कहा कि दुष्प्रचार के बावजूद विपक्ष को लोकसभा चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा। श्री मोदी ने आम चुनाव में परिपक्व सोच और समझदारी दिखाने के लिए देश की जनता की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों ने उनकी सरकार की नीतियों, इरादों और समर्पण पर भरोसा जताया और एनडीए को लगातार तीसरी बार सत्ता में वापस लाने के लिए वोट किया। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ काम कर रही है। प्रधानमंत्री के जवाब के दौरान विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी सांसदों ने विरोध प्रदर्शन किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष के आचरण पर नाराजगी व्यक्त की और सदन में व्यवस्था बनाए रखने का आग्रह किया।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आज राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। मंत्रिमंडल ने पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के समय बनाए गए गांधी वाटिका न्यास को भंग कर दिया है। हालांकि गांधी वाटिका का संचालन होता रहेगा। साथ ही मंत्रिमंडल ने कोटा में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट बनाने का निर्णय किया है। बैठक के बाद उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा तथा मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ और जोगाराम पटेल ने प्रेस वार्ता में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी।

श्री राठौड़ ने कहा कि प्रदेश के तीन स्थानों भीलवाड़ा, किशनगढ़ और झालावाड़ में फ्लाइंग स्कूल खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान के कुछ एयरपोर्ट पर कार्गो फैसिलिटी भी शुरू होगी।

..................

मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर गांधी वाटिका को जनता के लिए जल्द शुरू करने की मांग की थी, राज्य सरकार जल्द ही गांधी वाटिका को शुरू करेगी। इसके संचालन के लिए जो न्यास बनाया गया था, उसमें कई खामियां थीं। ऐसे में कैबिनेट ने इसे रद्द करने का फैसला किया है। मीटिंग में कल से शुरू हो रहे बजट सत्र की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। साथ ही विधानसभा में रखे जाने वाले विधेयकों और प्रतिवेदनों पर कैबिनेट की मंजूरी भी ली गई। सीएमओ में हुई बैठक में मंत्रियों के विभाग से संबंधित सवालों के जवाब प्रभावी रूप से रखने पर भी चर्चा की गई।

000

राजस्थान विधान सभा का दूसरा सत्र कल से शुरू होगा। विधानसभा सचिवालय ने सत्र के संबंध में सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस सत्र में राज्य सरकार की ओर से पूर्ण बजट पेश किया जाएगा। इस सत्र के हंगामेदार होने के आसार हैं। सत्र के शुरू होने से पहले कल सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक दल की बैठक प्रस्तावित है। इस सत्र में सरकार की ओर से कई विधेयक और प्रतिवेदन में सदन में रखे जायेंगे।

000

केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए में मजबूत तंत्र विकसित करने के लिए विद्यार्थियों और अभिभावकों से सुझाव और प्रतिक्रिया मांगी हैं। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से परीक्षा प्रक्रिया में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एनटीए की संरचना और कार्यप्रणाली पर सुझाव और विचार मांगे हैं। सुझाव 7 जुलाई तक भेजे जा सकते हैं।

000

राजसमंद में आज तीन नये आपराधिक कानूनों के प्रति जागरूकता के लिये कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सम्बन्धित पुलिस थाने के कार्मिकों के अलावा पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी और अन्य पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली बार कौंसिल के सदस्य अनन्त अस्थाना ने नए कानूनों की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नए कानूनों के बारे में करीब 700 पुलिस कर्मियों को ट्रेनिंग दी गई है।

000

उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सुमित गोदारा ने भारतीय मानक ब्यूरो और उपभोक्ता मामले विभाग को संयुक्त रूप से सोने की शुद्धता और मानकों की जानकारी के लिए राज्यव्यापी उपभोक्ता जागृति अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

श्री गोदारा ने कहा कि आम उपभोक्ता सोने की शुद्धता, गुणवत्ता, मानकों और हॉलमार्किंग से अनजान रहते हैं इसके कारण सोने और उससे बने आभूषणों की खरीद में बड़े स्तर पर वे शोषण के शिकार हो रहे हैं। इसे रोकने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाना आवश्यक है। इन निर्देशों के बाद दोनों विभाग संयुक्त रूप से आगामी 9 जुलाई को जयपुर में राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। उपभोक्ता मामले विभाग के प्रमुख शासन सचिव भास्कर ए सावंत तथा भारतीय मानक ब्यूरो की क्षेत्रीय निदेशक, कनिका कालिया ने संयुक्त रूप से बताया कि केन्द्र सरकार ने सोने के आभूषणों पर वर्ष 2021 से हॉलमार्क अनिवार्य कर दिया है। इससे हॉलमार्क किये हुए आभूषण ही बेचे जा सकते हैं। श्री सांवत ने बताया कि हॉलमार्किग वाले आभूषणों को खरीदते समय भारतीय मानक ब्यूरो का लोगो और कैरेट के साथ छह अंकों का अल्फान्यूमेरिक कोड आवश्य जांचें। श्रीमती कालिया ने बताया कि उपभोक्ता सोने के आभूषण खरीदते समय बीआईएस के रजिस्ट्रेशन की जांच करने के साथ उसका पक्का बिल आवश्य लें।

000

कोटा विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आज विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल कलराज मिश्र ने की। श्री मिश्र ने कहा कि हमारी नई शिक्षा नीति कौशल विकास आधारित है। यह रोजगारोन्मुखी होने के साथ ही चरित्र निर्माण करने वाली और ज्ञान विज्ञान और आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देने वाली है। यह देश और समाज की सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा और संरक्षण से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबों में नहीं मिलती बल्कि शिक्षा शिक्षक के आचरण और व्यवहार से भी अर्जित होती है। समारोह में वर्ष 2021 की परीक्षा में विभिन्न संकायों और विषयों में मेरिट प्राप्त करने वाले व वर्ष 2021 के पीएचडी धारकों को उपाधियां प्रदान की गई। इस दौरान 18 छात्रों और 42 छात्राओं को गोल्ड मेडल भी दिये गये। समारोह में राज्यपाल ने फार्मेसी बिल्डिंग, गर्ल्स हॉस्टल और सिंथेटिक ट्रैक का लोकार्पण भी किया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज एनडीए संसदीय दल की बैठक को संबोधित किया। श्री मोदी ने सांसदों से संसद के नियमों का पालन करने, संसदीय लोकतंत्र के सिद्धान्तों के अनुरूप चलने और संयमित व्यवहार करने का आग्रह किया है। बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने मीडिया को बताया कि प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया है कि प्रत्येक सांसद चाहे वह किसी भी दल का हो, देश की सेवा के लिए चुना गया है और राष्ट्र सेवा उसकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

000

बाड़मेर जिले में सभी ग्राम पंचायतों में सम्पूर्णता अभियान चलाया जायेगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि ये अभियान 4 जुलाई से शुरू होगा। इस अभियान के संबंध में आज रामसर में महत्वपूर्ण बैठक हुई।

000

प्रदेश में आज कई स्थानों पर हल्की और मध्यम बारिश हुई। चूरू में बारिश से कई स्थानों पर सड़कों पर पानी भर गया, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। श्रीगंगानगर में शाम को अचानक तेज हवा के साथ बरसात का दौर शुरू हुआ। तेज हवा के कारण कई जगह बिजली के खम्भे और होर्डिंग गिर गये। सलूंबर जिले में एक सप्ताह से हो रही बारिश के बाद किसान अब खरीफ की फसल की तैयारी में जुट गए है। दो दिन पहले क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई थी। किसानों ने सोयाबीन, मक्का की बुआई शुरू कर दी है। इस बार सोयाबीन, उड़द की अधिक बुवाई होने की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार कल जयपुर, कोटा, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर, बीकानेर, जोधपुर संभागों में कई जगह बारिश होने की संभावना है।

000

सवाईमाधोपुर के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में 14 और 17 वर्षीय लड़कियों की 53वी संभाग स्तरीय खो–खो प्रतियोगिता आज से शुरू हुई। प्राचार्य राजेश्वर सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में जयपुर संभाग के केंद्रीय विद्यालयों की 17 टीमों की 198 छात्राएं भाग ले रही हैं। उद्घाटन अवसर पर प्राचार्य ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों से विद्यार्थियों में अनुशासन, सहयोग और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा होती है। पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय सवाई माधोपुर लगातार दूसरे साल संभाग स्तरीय खो–खो प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है।

000